# ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम एजूकेशनल चैरीटेबल ट्रस्ट,

ग्राम-सिड़सिड़ पूरे सिरवार, पोस्ट-अंजरौली, जिला-अयोध्या उ0प्र0

पत्रांक ................ दिनांक 26/05/22

**ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम एजूकेशनल चैरीटेबल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 26.05.2022 का कार्यवृत्त**

दिनांक 18.05.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 26.05.2022 को ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम एजूकेशनल चैरीटेबल ट्रस्ट, ग्राम–सिड़सिड़ पूरे सिरवार, पोस्ट–अंजरौली, जिला–अयोध्या उ0प्र0 के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री राम सजीवन मिश्र की अध्यक्षता में ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम एजूकेशनल चैरीटेबल ट्रस्ट, के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| एजेण्डा– | 1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।<br>2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।<br>3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |
| | क्रमांक / नाम / पद / हस्ताक्षर<br>1. श्री राम सजीवन मिश्र — अध्यक्ष — (हस्ताक्षर)<br>2 श्री कौशलेन्द्र प्रताप मिश्र — उपाध्यक्ष — (हस्ताक्षर)<br>3 श्रीमती पूनम मिश्रा — मंत्री — पूनम<br>4 श्री राम मिलन मिश्र — कोषाध्यक्ष — (हस्ताक्षर)<br>5 श्री राम जनम मिश्र — सदस्य — रामजनम<br><br>गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई:– |
| प्रस्ताव सं0–1. | प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की। |
| प्रस्ताव सं0–2. | श्री कौशलेन्द्र प्रताप मिश्र, उपाध्यक्ष ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था। अतः समिति द्वारा ग्राम–सिड़सिड़ पूरे सिरवार, पोस्ट–अंजरौली, जिला–अयोध्या उ0प्र0 में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम–सिड़सिड़ पूरे सिरवार, पोस्ट–अंजरौली, जिला–अयोध्या में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र को अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव सं0–3. | श्री राम जनम मिश्र, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।<br>(हस्ताक्षर) |

Scanned with CamScanner

# ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम एजूकेशनल चैरीटेबल ट्रस्ट,

## ग्राम-सिहसिह पूरे सिरवार, पोस्ट-अंजरौली, जिला-अयोध्या उ०प्र०

पत्रांक ............ दिनांक 21/05/22

| | |
|---|---|
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित [illegible] फार्मेसी कॉलेज का नाम "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया। |
| प्रस्ताव सं०–4 | श्री राम मिलन मिश्र, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम–सिहसिह पूरे सिरवार, पोस्ट–अंजरौली, जिला–अयोध्या में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं–1533/0.823 हेक्टेयर कुल रकबा 0.823हे० पर लेने का विचार किया गया। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों के सम्यक विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम–सिहसिह पूरे सिरवार, पोस्ट–अंजरौली, जिला–अयोध्या में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं–1533/0.823 हेक्टेयर कुल रकबा 0.823हे० को "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव सं०–5 | श्री राम जनम मिश्र, सदस्य ने प्रस्तावित "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक श्री राम सजीवन मिश्र को प्रस्तावित "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "ऊँ सत्यनाम कोटवाधाम रामनरेश रामरती कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Om Satyanam Kotwadham Ramnaresh Ramrati College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्तारण एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया। |

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही समाप्त हुई।

राम सजीवन मिश्र

Scanned with CamScanner